तापमान

अधिकतम 40.6 डिग्री से.
न्यूनतम 25.0 डिग्री से.

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 18 जुलाई 2026

12 1200 करोड़ की लागत से तैयार अंबाला कालाअंब ..



12 राजकीय विद्यालयों का नियमित मुआयना ..



## खबर संक्षेप

### 25 को विज के आवास का घेरेंगे रोडवेजकर्मी

**कुरुक्षेत्र।** ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन (1947) ने लंबित मांगों को लेकर 25 जुलाई को परिवहन मंत्री अनिल विज के आवास पर न्याय मार्च और घेराव करने की घोषणा की है। यूनियन का आरोप है कि सरकार रोडवेज कर्मचारियों की उपेक्षा कर रही है, भत्तों का भुगतान समय पर नहीं होता, निजीकरण बढ़ रहा है और भर्ती वर्षों से लंबित है। कर्मचारियों को कम वेतन, रिस्क अलाउंस और दिवाली बोनस नहीं मिलने की भी शिकायत है। यूनियन ने चेतावनी दी कि 25 जुलाई से पहले वार्ता नहीं हुई तो पूरे हरियाणा से हजारों कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल होकर मंत्री आवास का घेराव करेंगे।

### रारादौरः हादसों में पिता पुत्री समेत चार घायल

**यमुनानगर।** रादौर क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। पहले मामले में गांव बापा निवासी बलजीत सिंह और उनकी बेटी कुलजीत कौर 4 जुलाई को सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। दूसरे मामले में साढौरा निवासी चमन लाल अपने भाई मनीराम के साथ स्कूटी पर व्यासपुर जा रहे थे। शिव चौक के पास तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। दोनों घायल हो गए और चालक फरार हो गया। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग लड़की से युवक ने किया रेप, 7 पर केस

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने नाबालिग लड़की को घर के अंदर बंद कर उसके साथ रेप करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी युवक के परिजनों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने जांच के बाद सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव का ही अंशुल 17 वर्षीय बेटी का पीछा कर उसे काफी दिन से परेशान कर रहा था। 14 जुलाई को आरोपी घर पर आया। लड़की को अकेला पाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटना के बाद वह आरोपी के घर गया। जहां आरोपी के भाई आर्यन, अनुज, मां किरण, वंश, मनदीप व एक अन्य युवक वंश ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोपी अंशुल व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पानीपतः फायरिंग करने वाले दो पकड़े

**पानीपत।** सीआईए-वन पुलिस टीम ने गांव राजाखेड़ी में संदीप पुत्र पालेराम के घर पर फायरिंग करने के दो आरोपियों गांव राजाखेड़ी निवासी संदीप व नूरवाला स्थित इंद्रा विहार कॉलोनी निवासी पिंकू को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार फूल कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही फरार आरोपी के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी। पिंकू व संदीप पेशेवर अपराधी है।

### केंद्रीय मंत्री से मिलेंगे नौल्था के ग्रामीण

**पानीपत।** नौल्था में फ्लाईओवर निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने मिट्टी की भरत की बजाय पिलर वाले पुल की मांग की है। सरपंच बलराज सिंह जागलान ने बताया कि इस मांग को लेकर ग्रामीण केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के माध्यम से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलेंगे।

---

### सिंचाई विभाग का 400 फुट लंबाई में किया जा रहा बचाव कार्य

# बेगना नदी के कटाव रोकने के लिए सैंड बैग की दीवार बनाई

- बेगना के तेज बहाव से बचाएंगे खेत, 10 लाख से शुरू हुआ बचाव कार्य
- पूर्व विधायक ने किया निरीक्षण, किसानों की समस्याएं सुन अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। बेगना नदी में भूमि कटाव रोकने के लिए कार्य का निरीक्षण करते पूर्व विधायक व अन्य। फोटोः हरिभूमि

गांव मीरपुर में बेगना नदी के जलप्रवाह से हुए भूमि कटाव को रोकने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा अस्थायी बचाव कार्य शुरू कर दिए गए हैं। विभाग की ओर से नदी किनारे रेत से भरे कट्टे (सैंड बैग) लगाकर अस्थायी सुरक्षा दीवार तैयार की जा रही है, ताकि किसानों की कृषि भूमि को नुकसान से बचाया जा सके। शुक्रवार को पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने गांव मीरपुर पहुंचकर भूमि कटाव प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा सिंचाई विभाग द्वारा किए जा रहे बचाव कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। किसानों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के किसान, ग्रामवासी तथा सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सैनी ने बताया कि पिछले दिनों गांव मीरपुर के किसान उनसे मिले थे। बेगना नदी के तेज बहाव से हुए भूमि कटाव की गंभीर समस्या से अवगत कराया था। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तुरंत सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा था। उन्होंने कहा कि इस कार्य पर लगभग 10 लाख रूपये की लागत आएगी। विभाग द्वारा फिलहाल रेत से भरे कट्टे लगाकर अस्थायी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है, जिससे बरसात के दौरान भूमि कटाव पर तत्काल नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे किसानों की भूमि को फिलहाल सुरक्षित रखने में सहायता मिलेगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से स्थायी समाधान के लिए भी शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। इस संबंध में सिंचाई विभाग की एसडीओ शिखा बंसल ने बताया कि किसानों एवं ग्रामवासियों की समस्या को देखते हुए विभाग ने प्राथमिकता के आधार पर अस्थायी बचाव कार्य शुरू किया है ताकि भूमि कटाव को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने बताया कि 400 फीट की लंबाई का स्टीनिंग का कार्य किया जा रहा है। जिस पर 10 लाख परुपये की राशि खर्च होगी। इस अवसर पर हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन राकेश बिंदल, हरबंस, देशराज, रजत, सुरेंद्र शर्मा, सागर, साहब सिंह, उपस्थित थे।

#### स्थायी समाधान के लिए स्टोन स्टीनिंग बनाने का प्रस्ताव

यह व्यवस्था फिलहाल बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए की गई है। स्थायी समाधान के लिए प्रभावित स्थल पर स्टोन स्टीनिंग बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा और इसे स्वीकृति के लिए सरकार को भेजा जाएगा। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद स्थायी निर्माण कार्य करवाकर भविष्य में भूमि कटाव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों एवं किसानों ने पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी तथा सिंचाई विभाग का आभार व्यक्त किया है।

---

# हाइटेंशन लाइन की चपेट में आया ट्रक, चालक ने कूदकर बचाई जान

### दामला बस अड्डे के पास हुआ हादसा, थर्मल प्लांट का सामान था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। दामला बस अड्डे के पास ट्रक में लगी आग।

गांव दामला बस अड्डे के पास शुक्रवार सुबह थर्मल प्लांट का सामान लेकर आ रहा ट्रक 11 हजार हाई वोल्टेज बिजली लाइन की चपेट में आ गया। ट्रक चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। इस दौरान ट्रक में आग लग गई। दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गुजरात नंबर का यह ट्रक महाराष्ट्र से थर्मल प्लांट का सामान लेकर यमुनानगर आ रहा था। राजस्थान निवासी ड्राइवर जसपाल सिंह ने बताया कि वह ट्रक में लोहे के बड़े से कंटेनर के साथ थर्मल प्लांट का सामान लेकर जा रहा था। सामान की ऊंचाई अधिक होने के कारण दामला बस अड्डे के पास ट्रक सड़क के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। तार के संपर्क में आते ही ट्रक में करंट दौड़ गया और कुछ ही क्षणों में कैबिन से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग ने पूरे कैबिन को अपनी चपेट में ले लिया। उसने खतरे को भांपते हुए तुरंत ट्रक से छलांग लगा दी। जिससे उसकी जान बच गई। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दी। फायर ब्रिगेड कर्मचारी मोहन ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।

---

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने विद्या भारती साहित्य केन्द्र का किया अवलोकन

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा से हर वर्ष 25 लाख विद्यार्थी जुड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के विद्या भारती साहित्य केन्द्र के अवलोकन के दौरान स्मृति चिह्न भेंट करते विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान के पदाधिकारी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान में 'विद्या भारती साहित्य केंद्र' का अवलोकन किया। इस दौरान संस्थान के पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिह्न और संस्कृति बोधमाला पुस्तकों का संच भेंट किया। प्रबंधक सुधीर कुमार ने बताया कि वर्ष 1980 से आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कक्षा 3 से 12 तक करीब 25 लाख विद्यार्थी प्रतिवर्ष भाग लेते हैं। यह परीक्षा अब देशभर में 12 भाषाओं में आयोजित की जा रही है। संस्थान भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराता है। साहित्य केंद्र में विभिन्न विषयों की 350 पुस्तकें उपलब्ध हैं।

---

### 16 जनवरी 2019 को आरोपी को काबू किया था

# पोक्सो मामले में दोषी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट, बलात्कार एवं पोक्सो एक्ट) की अदालत ने वर्ष 2019 के पोक्सो मामले में आरोपी संजू उर्फ जसविंद्र, नि वा सी लाडवा, को दोषी ठहराते हुए आजीवन कठोर कारावास और कुल 1 लाख 60 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह जानकारी जिला न्यायवादी जयमल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी 2019 को लाडवा क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 जनवरी को उसकी 16 वर्षीय बेटी को आरोपी घर के पास से जबरन उठाकर ले गया और उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया। शिकायत मिलने के बाद लाडवा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की। जांच के दौरान पीड़िता के दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराए गए और उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। 16 जनवरी 2019 को आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में चालान पेश किया गया। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया। अदालत ने आईपीसी की धारा 365 के तहत पांच वर्ष कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना, पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये जुर्माना तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(5) के तहत आजीवन कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा नहीं करने पर अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा।

---

### चरस तस्करी में दोषी को 10 साल की कैद और एक लाख का जुर्माना

- सीआईए-टू ने 2021 में 1.300 किलो चरस के साथ किया था गिरफ्तार

**पानीपत।** एडिशनल सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट (एनडीपीएस) योगेश चौधरी की अदालत ने चरस तस्करी के आरोपी संजीव कुमार नि वा सी मानुवास, हरिद्वार (उत्तराखंड) को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया, लेकिन जुर्माना जमा नहीं करने पर उसे एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। डिप्टी जिला अटार्नी कुलदीप ढुल ने मामले में प्रभावी पैरवी की। सीआईए-टू की टीम ने 14 जून 2021 को आरोपी को हुडा सेक्टर-29 क्षेत्र से 1.300 किलोग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

---

### जकार्ता में एशियन यू-23 बॉक्सिंग में जीते स्वर्ण





**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मुक्केबाज गंगा ने जकार्ता (इंडोनेशिया) में आयोजित एशियन यू-23 पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 में स्वर्ण पदक जीतकर विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन किया है। गंगा ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। भारतीय यू-23 पुरुष बॉक्सिंग टीम ने प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर बेहतर प्रदर्शन किया। कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा और कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने गंगा और उनके कोच राजेश कुमार राजौंद को बधाई दी। खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा ने इसे गंगा की मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया।

### खाद बनाने का प्लांट के नाम पर हड़पे 2.5 लाख

- रोजगार की तलाश कर रहे युवक को मुनाफे का दिया लालच, रुपये लेने के बाद नहीं लगाया प्लांट

**यमुनानगर।** जैविक खाद बनाने का प्लांट लगाने के नाम पर गांव अकालगढ़ निवासी असलम से ढ़ाई लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप मोहम्मद इकराम पर लगा है आरोपी ने स्टेप फार्मिंग प्राइवेट लिमिटेड सहारनपुर गांव मांझीपुर कंपनी के साथ मिलकर जैविक खाद का प्लांट लगाने का झांसा दिया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव अकालगढ़ निवासी असलम ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार की तलाश में था। इस दौरान अगस्त 2024 में उसकी मुलाकात मोहम्मद इकराम के साथ हुई। आरोपी ने उसे बताया कि वह उत्तर प्रदेश के गांव मांझीपुर स्थित स्टेप फार्मिंग प्राइवेट लिमिटेड सहारनपुर में काम करता है। कंपनी अन्य स्थानों पर जैविक खाद बनाने का प्लांट लगा रही है। आरोपी ने जैविक खाद का प्लांट लगाने के नाम पर उससे अलग-अलग करके ढाई लाख रुपये ले लिए। परेशान होकर उसने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया।

### नहर किनारे गली-सड़ी अवस्था में शव मिला



- पहचान के लिए पुलिस ने तेज किए प्रयास, 2-3 दिन पुराना बताया जा रहा शव

**तरावड़ी।** तरावड़ी शहर में उस समय सनसनी फैल गई जब नीलोखेड़ी से आने वाली नहर की पटरी के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव गली-सड़ी अवस्था में मिला। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस व तरावड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह शव दया नगर के साथ लगते चोपड़ा पुल की तरफ जाने वाली नहर की पटरी के पास, पॉली हाउस के नजदीक पड़ा हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने दुर्गंध आने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शव लगभग 2 से 3 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शव पर कीड़े चल रहे थे, जिससे यह स्पष्ट है कि काफी समय से शव वहीं पड़ा हुआ था। मृतक ने नीले रंग की कमीज पहन रखी है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

---

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद की बैठक में 40 अहम फैसलों पर मुहर

*फैसलों से शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता और नवाचार को मिलेगा नया विस्तार*

# चार शिक्षकों को सीएएस के तहत पदोन्नति डॉ. सौरभ चौधरी होंगे प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और छात्र हितों से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी
- रिक्त प्रोफेशनल असिस्टेंट पद भर्ती और पदोन्नति से भरने का निर्णय, सहायक प्रोफेसरों की नियुक्तियों को स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटोः हरिभूमि

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की बैठक शुक्रवार को कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक, शैक्षणिक, वित्तीय तथा विकासात्मक कार्यों से संबंधित 40 महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। परिषद ने शिक्षकों और कर्मचारियों के सेवा मामलों, नई शैक्षणिक पहलों, पदोन्नतियों, नियुक्तियों, छात्र हितों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। बैठक की शुरूआत 7 अप्रैल को हुई कार्यकारी परिषद की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि तथा उस पर हुई कार्रवाई की समीक्षा से हुई। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कार्यकारी परिषद द्वारा लिए गए निर्णय विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, प्रशासनिक दक्षता और नवाचार की दिशा में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होंगे। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख और शोध आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

#### विवि की प्रतिष्ठा और अधिक सुदृढ़ होगीः वीसी

विश्वास व्यक्त किया कि इन निर्णयों से शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा और अधिक सुदृढ़ होगी। कार्यकारी परिषद की बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण विभागों एवं संस्थानों में करियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत सीनियर प्रोफेसर, प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर पदों पर पदोन्नति प्रदान करने की मंजूरी प्रदान की गई जिसमें इतिहास विभाग के प्रो. डॉ. एस.के. चहल को सीनियर प्रोफेसर, ललित कला विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार तथा डॉ. गुरचरण सिंह को प्रोफेसर (सीएएस) और आईआईएचएस के सहायक प्रोफेसर (एसएफएस) डॉ. विवेक को एसोसिएट प्रोफेसर(सीएएस) पद पर पदोन्नति के लिए चयन समिति ने मंजूरी प्रदान की। डॉ. सौरभ चौधरी को ह्यप्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिसह्न के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

---

# न्यूजीलैंड वर्क परमिट के नाम पर 25.82 लाख की ठगी, तीन पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

न्यूजीलैंड में वर्क परमिट और स्थायी निवास (पीआर) दिलाने का झांसा देकर दुधली गांव निवासी बलकार सिंह से 25.82 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि ट्रैवल एजेंटों ने उनके 12वीं पास बेटे को नौकरी और वर्क वीजा दिलाने की बात कहकर न्यूजीलैंड भेज दिया, लेकिन वहां पहुंचने पर पता चला कि उसके पास केवल 15 दिन का लिमिटेड वीजा था। इस मामले में आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद पुलिस ने दो सगे भाइयों रजत जोशी, दीपेंद्र जोशी और उनके पिता के खिलाफ केस दर्ज किया है।बलकार सिंह ने शिकायत में बताया कि उनका बेटा लगनदीप सिंह न्यूजीलैंड जाने के लिए पीटीई परीक्षा की तैयारी कर रहा था। नवंबर 2025 में उनकी मुलाकात रजत और दीपेंद्र जोशी से हुई। आरोपियों ने भरोसा दिलाया कि पीटीई की जरूरत नहीं है और वे सीधे कंपनी में नौकरी, वर्क परमिट तथा बाद में पीआर दिलवा देंगे। इसके लिए 20.50 लाख रुपये खर्च होने की बात कही गई।शिकायत के अनुसार जनवरी 2026 में आरोपियों ने पासपोर्ट लेकर फाइल चार्ज के नाम पर एक लाख रुपये लिए। 19 फरवरी को लगनदीप को दिल्ली एयरपोर्ट भेजा गया और 21 फरवरी को 14.67 लाख रुपये नकद भी लिए गए। यह राशि बलकार सिंह ने आढ़ती और अन्य लोगों से ब्याज पर उधार लेकर जुटाई थी।22 फरवरी को न्यूजीलैंड पहुंचने पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने बताया कि लगनदीप के पास वर्क वीजा नहीं, बल्कि होली सेलिब्रेशन में मॉडल के रूप में भाग लेने के लिए 15 दिन का लिमिटेड वीजा है। इस वीजा पर रोजगार करना प्रतिबंधित था। आरोप है कि इसके बाद भी आरोपियों ने वर्क परमिट में बदलवाने और टोकन वीजा दिलाने का झांसा देकर करीब 5.50 लाख रुपये और ले लिए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## डेहा बस्ती में 134 लोगों ने किया अवैध कब्जा, नगर पालिका ने थमाया नोटिस

# सात दिन में हटाओ कब्जा, नहीं तो उतारेंगे पुलिस फोर्स, ढहा देंगे सभी अवैध निर्माण

**नगर पालिका ने पहला नोटिस जारी कर दिया था सात दिन का समय, लेकिन लोगों ने नहीं हटाया अवैध कब्जा, अब नपा ने थमाया है अंतिम नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। डेहा बस्ती में अवैध कब्जा करने वालों के घरों पर नोटिस चिपकवाते बीआई आदित्य कांबोज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

रादौर की डेहा बस्ती में अवैध कब्जे हटवाने को लेकर नगर पालिका द्वारा 134 कब्जाधारियों अवैध कब्जा छोड़ने को लेकर अंतिम नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के माध्यम से आरोपी कब्जाधारियों को सात दिन के भीतर कब्जा छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

डयूटी मजिस्ट्रेट आशु कांबोज, एडीओ कृषि विभाग की देखरेख में नगर पालिका के बीआई आदित्य कांबोज, सफाई निरीक्षक सुमित बैंस, संजीव सैनी, अमित सैनी ने कर्मचारियों के साथ डेहा बस्ती में अवैध कब्जाधारियों के घरों के बाहर नोटिस चिपकाए। इस दौरान बस्ती में काफी घरों पर ताला लगा मिला। थाना रादौर प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश राणा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।

नगर पालिका की कार्रवाई से शहर में नगर पालिका की भूमि पर अवैध कब्जा जमाए बैठे लोगों में हडकंप मचा रहा। इस दौरान बीआई आदित्य कांबोज ने बताया कि अवैध कब्जाधारियों को सात दिन का पहला नोटिस दिया गया था, लेकिन समय बीत जाने पर भी अवैध कब्जे नहीं हटाए गए। जिसके बाद अब दूसरा व अंतिम नोटिस दिया गया है। यदि फिर भी अवैध कब्जे नहीं हटाए गए तो नगर पालिका पुलिस की सहायता से अवैध कब्जे हटाएगी।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका की लगभग साढ़े चार एकड़ गोचराण व श्मशान घाट की भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जे करके घर बना लिए हैं। इसमें से लगभग दो एकड़ भूमि से नगर पालिका ने अवैध कब्जे हटवा दिए थे। अब बाकी ढाई एकड़ भूमि से अवैध कब्जे हटाए जाने हैं।

### पुलिस पार्टी पर किया था पथराव

16 जून को बस्ती के लोगों ने एक नशा तस्कर को जबरन पुलिस की हिरासत से छुडवाने के लिए पुलिस पर पथराव किया था। इस दौरान बस्ती के लोगों ने पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ डाले थे और पुलिस कर्मचारियों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर बस्ती के 15 लोगों के अलावा अन्य लोगों के विरूद्ध मामले दर्ज किए थे। जिसके बाद पुलिस ने अभी तक पांच महिलाओं सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## 6 दुकानों से मिली प्रतिबंधित पॉलिथीन, काटे चालान

■ नगर निगम की टीम ने अनाज मंडी और गोविंदपुरा में की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलिथीन बेचने वालों पर नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने गोविंदपुरा और जगाधरी अनाज मंडी में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान छह दुकानदारों के पास से सिंगल यूज प्लास्टिक अर्थात प्रतिबंधित पॉलीथीन बरामद हुई। जिस पर निगम द्वारा सभी छह दुकानदारों के मौके पर चालान किए गए और उनसे जुर्माना राशि वसूल की गई। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि दोबारा प्रतिबंधित पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल किया तो चालान के साथ सामान भी जब्त किया जाएगा।

जोन 1 में मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह और जोन 2 में मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल के नेतृत्व में टीमें बनाई गई है। शुक्रवार को एसआई सुशील शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन शहरी के विशेषज्ञ आकाश कुमार व होमगार्ड के जवानों की टीम ने सबसे पहले वार्ड 22 के गोविंदपुरा में छापेमारी की। छापेमारी में यहां तीन दुकानदारों से प्रतिबंधित पॉलिथीन मिली। जिस पर निगम की टीम ने तीनों दुकानदारों के मौके पर चालान किए और बरामद पॉलिथीन को जब्त किया गया। इसके बाद टीम अनाज मंडी में पहुंची। यहां भी तीन दुकानदारों के पास से प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद की गई। निगम द्वारा सभी दुकानदारों के चालान किए गए।



यमुनानगर। प्रतिबंधित पॉलिथीन मिलने पर दुकानदार का चालान काटते निगम के एसआई सुशील शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### कपड़े के थैलों का उपयोग करने की अपील

सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा ने दुकानदारों को स्पष्ट किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध है और इसका उपयोग करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएसआई विनोद बेनीवाल ने कहा कि निगम आयुक्त के निर्देशों पर सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के लिए छापेमारी की गई। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने आमजन से अपील की कि वे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करें। प्रतिबंधित पॉलिथीन व प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। इनकी जगह कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करें ताकि प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को कम किया जा सके। शहर को स्वच्छ रखने के लिए नागरिकों की सहभागिता बहुत जरूरी है।

## अश्लील फोटो दिखाकर संबंध बनाने का दबाव देने का आरोप

■ पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती ने एक युवक पर उसे अश्लील फोटो दिखाकर संबंध बनाने का दबाव बनाया का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही असफाक 2020 से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसने आरोपी की हरकतों को नजरअंदाज किया। लेकिन आरोपी हरकतों को बाज नहीं आया। पीड़िता ने बताया कि एक दिन वह गली में किसी काम से जा रही थी। इस दौरान आरोपी ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसे उसकी अश्लील फोटो दिखाकर संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। उसके मना करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। महिला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 351 टू और 75 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी

## अब पूरे साल होगी नालों की सफाई

■ कचरा एकत्र करने को हर घर पर लगेंगे आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर से जलभराव के स्थाई समाधान के लिए जहां नगर निगम ने एक्सपर्ट टीम हायर की है वहीं, अब साल भर शहर के नालों की सफाई करने का निर्णय लिया गया है।

एक्सपर्ट टीम जहां हर वार्ड का सर्वे कर 50 साल तक जलभराव से निपटने की संरचना तैयार करेगी। वहीं, साल भर नालों की सफाई होने से मानसून में जलभराव होने की समस्या से निपटा जाएगा। इसके अलावा हर घर से कचरा एकत्रित करने को नगर निगम क्षेत्र के हर घर के बाहर आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड लगेंगे। जिसमें स्केनर लगा होगा।

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाला कर्मचारी घर से कचरा लेने के साथ ही आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड का स्कैन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगा। यह निर्णय मेयर सुमन बहमनी की अध्यक्षता में हुई नगर निगम सदन की साधारण बैठक में लिए गए। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा की उपस्थिति में हुई सदन की बैठक में 42 प्रस्ताव पास किए गए। बैठक का संचालन अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार व कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह ने किया।

1996 में तकनीकी त्रुटि के चलते अनअपूरवड हुई 76 कॉलोनियों के नियमित करने पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने मेयर सुमन बहमनी, निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार व अन्य अधिकारियों की सराहना करते हुए पीठ थपथपाई। आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि कॉलोनियों की सीमाओं को तय करने के लिए कमेटी गठित की गई है। जो सर्व कर सीमाएं निर्धारित करेगी।



यमुनानगर। नगर निगम की सदन की बैठक को संबोधित करते सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

## भव्य रूप से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला उपायुक्त प्रीति ने आगामी 15 अगस्त को तेजली खेल परिसर में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी विभागों को समयबद्ध ढंग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा स्वतंत्रता दिवस समारोह का ऑल ऑवर इंचार्ज बनाया गया है।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस गौरव का पर्व है। इसलिए आजादी के इस पर्व को खुशी के साथ मनाना चाहिए। इसलिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पर्व से जुड़े कार्यों को पूर्ण कर लें। इसके आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर साफ. सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को ध्वजारोहण समारोह, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा अतिथियों के स्वागत सहित सभी व्यवस्थाओं की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी दूसरे विभागों के अधिकारियों के साथ बीच बेहतर समन्वय बनाए रखे ताकि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जा सकें। उपायुक्त ने कहा कि समारोह में भाग लेने वाले सभी नागरिकों, विद्यार्थियों, प्रतिभागियों एवं अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेतीं जिला उपायुक्त।



### कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त का होगा स्वागत

यमुनानगर। हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त 19 व 20 जुलाई को दो दिन यमुनानगर जिला के दौरा पर रहेंगे। प्रदेश प्रभारी के यमुनानगर जिला में आगमन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जगाधरी वर्कशाप मार्ग स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं यमुनानगर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने की। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त व हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह 19 व 20 जुलाई को यमुनानगर पहुंचेंगे। जिनका कांग्रेस कार्यकर्ता भव्य रूप से स्वागत करेंगे। रमन त्यागी ने बताया कि प्रदेश प्रभारी संजय दत्त का यमुनानगर पहुंचने का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करना तथा आगामी राजनीतिक रणनीति पर विचार विमर्श करना है।

**श्री सनातन धर्म मंदिर संघर्ष समिति ने सरकार से की जांच करवाने की मांग**

# मंदिर कमेटी पर नियमों का उल्लंघन करने का लगाया आरोप

**समिति के चेयरमैन व अन्य पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जीएमखाना क्लब में प्रेसवार्ता के दौरान मंदिर संचालन की मौजूदा कार्यकारिणी के कार्यों एवं गतिविधियों की न्यायिक जांच की मांग करते श्री सनातन धर्म मंदिर संघर्ष समिति के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

अयोध्या में स्थित भगवान श्री राम मंदिर से हुए चढ़ावा चोरी की घटना के बाद यमुनानगर के माडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर की मौजूदा कार्यकारिणी के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों पर श्री सनातन धर्म मंदिर संघर्ष समिति ने मंदिर स्थापना के समय बनाए गए संविधान के विपरित कार्य करने और आय व्याय के लेन देन में अनियमितता बरतने के आरोप लगाए हैं। श्री सनातन धर्म मंदिर संघर्ष समिति के प्रधान विरेंद्र आजमानी समेत अन्य पदाधिकारियों ने शुक्रवार को शहर के जीएमखाना क्लब में प्रैसवार्ता कर मंदिर की मौजूदा कमेटी के कुछ पदाधिकारियों पर नियमों के विपरित कार्य किए जाने में अनियमितता बरतने समेत अब किए गए आय व्याय के ब्यौरे की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग की है।

श्री सनातन धर्म मंदिर संघर्ष समिति के प्रधान विरेंद्र आजमानी, महासचिव मनीष मलिक, सुरेंद्र नंदा, सुभाष वोहरा, विनोद मरवाह और श्री सनातन धर्म सभा के पूर्व उपाध्यक्ष रहे विपिन मेहता व अश्वनी नंदा समेत अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि शहर में श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए वर्ष 1956 में श्री सनातन धर्म मंदिर की स्थापना की गई थी। इस दौरान मंदिर के रखरखाव के लिए संविधान भी बनाया गया था। संविधान में यह नियम तय किया गया था कि मंदिर की सदस्यता जो लेना चाहता है वह सदस्य बन सकता है। उस समय कुछ फाउंडर सदस्यों ने मंदिर के निर्माण करवाने में बड़ा योगदान दिया गया था। शुरु में मंदिर सभा के सौ सदस्य थे। वर्ष 2002 में मंदिर सभा का चुनाव किया गया। जिसमें 64 मत पड़े। चुनाव में खड़े दोनों उम्मीदवारों को 32-32 मत मिले। लेकिन उस समय सोची समझी साजिश रचकर दूसरे पक्ष के ओपी मनचंदा को प्रधान पद से हटा दिया और एक अन्य व्यक्ति ढींगरा प्रधान बन गए। उन्होंने आरोप लगाया है कि इसके बाद मंदिर के संविधान के नियमों की जमकर अवहेलना शुरू कर दी गई। वर्तमान स्थिति यह है कि अब मंदिर सभा के कुल 40 सदस्य हैं। जिनमें 30 सदस्यों को मत देने का अधिकार है। खास बात यह है कि वर्तमान मंदिर सभा के सदस्यों में तीन परिवारों से ही 19 सदस्य हैं।

श्री सनातन धर्म मंदिर संघर्ष समिति के प्रधान विरेंद्र आजमानी, महासचिव मनीष मलिक, सुरेंद्र नंदा, सुभाष वोहरा, विनोद मरवाह और श्री सनातन धर्म सभा के पूर्व उपाध्यक्ष रहे विपिन मेहता व अश्वनी नंदा समेत अन्य पदाधिकारियों ने श्री सनातन धर्म मंदिर का संचालन कर रही वर्तमान सभा की गतिविधियों, आय व्याय समेत अन्य कार्यों की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच करवाए जाने की मांग की।

### लगाए गए आरोप बेबुनियाद : मेहता

श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के वर्तमान प्रधान विजय मेहता ने बताया कि जो लोग आरोप लगा रहे हैं वह मंदिर पर कब्जा करना चाहते हैं। श्री सनातन धर्म मंदिर संघर्ष समिति के सदस्यों के आरोप बेबुनियाद व निराधार हैं। इन लोगों द्वारा लगाए गए आरोपो का कानूनी रुप से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा मंदिर को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है।

### नहीं दे रहे आय-व्यय का ब्योरा

आरोप है कि मौजूदा कार्यकारिणी के कुछ पदाधिकारियों द्वारा मंदिर के संविधान के नियमों के विपरित आय-व्याय किया जा रहा है। आय व्याय का कोई ब्यौरा नहीं दिया जा रहा है। श्री सनातन धर्म सभा के पूर्व उप प्रधान रहे विपिन मेहता व अश्वनी नंदा ने आरोप लगाया कि मंदिर द्वारा जरुरतमंद बच्चों के लिए स्कूल की स्थापना की गई थी। मगर अब उसे कुछ पदाधिकारियों ने निजी संस्था बनाकर अपने नियंत्रण में कर लिया है।

## न्यूज डायरी



### अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर किया जागरूक

यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज के लीगल लिटरेसी सेल की ओर से अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को न्याय, समानता, मानवाधिकार एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पोस्टर गैलरी लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसीपल डॉ.सुरिंद्र कौर तथा लीगल लिटरेसी सेल की इंचार्ज डॉ.मोनिका शर्मा ने की। मौके पर छात्राओं ने पोस्टरों के माध्यम से न्याय और मानवाधिकारों से जुड़े प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। डॉ.कौर ने कहा कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों से जुड़ा विषय है। उन्होंने छात्राओं से कानून की जानकारी प्राप्त कर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज में न्याय व समानता की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया। वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका विवेक नरूला ने कहा कि युवा पीढ़ी में कानूनी जागरूकता विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी व्यक्ति को न केवल अधिकारों की रक्षा करने में सक्षम बनाती है, बल्कि उसे एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है। राजनीति शास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. शिखा सैनी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस हमें निष्पक्षता, समान अवसर और मानवाधिकारों के सम्मान का संदेश देता है। उन्होंने छात्राओं को कानून का पालन करने का आग्रह किया।



### डाक चौपाल वैन के रादौर पहुंचने पर किया स्वागत

रादौर। भारतीय डाक विभाग की ओर से लोगों को डाकखाने की योजनाओं से अवगत करवाने के लिए डाक चौपाल वैन का संचालन किया गया है। शुक्रवार को डाक चौपाल वैन के रादौर पहुंचने पर शाखा डाकपालों एवं उप डाकपालों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर डाक चौपाल वैन के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डाक विभाग की नई सेवाओं तथा आईटी 2.0 प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। आईटी 2.0 डाक विभाग की डिजिटल परिवर्तन पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आधुनिक बनाना है। कार्यक्रम के दौरान आईटी 2.0 के विभिन्न फीचर्स, कार्यप्रणाली, दैनिक कार्यों को अधिक सरल और प्रभावी ढंग से संचालित करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पोस्टमास्टर रादौर दिनेश सैनी ने हरी झंडी दिखाकर डाक चौपाल वैन को रवाना किया। उन्होंने बताया कि इससे भविष्य में विभागीय कार्यों के निष्पादन में काफी सुविधा मिलेगी। डाक चौपाल वैन का मुख्य उद्देश्य डाक कर्मचारियों को नवीन तकनीकों से अवगत कराना, विभागीय सेवाओं को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाना है। मौके पर दीपक शर्मा व शोभित कांबोज आदि मौजूद थे।



### रोटरी क्लब ने स्कूलों में वितरित की खेल सामग्री

यमुनानगर। रोटरी क्लब यमुनानगर द्वारा अलग अलग दो स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को खेल एवं शिक्षा सामग्री वितरित की गई। दोनों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में रोटरी क्लब की प्रोजेक्ट चेयरपर्सन मीनू तलूजा ने अध्यक्षता की। प्रोजेक्ट चेयरपर्सन मीनू तलूजा ने बताया कि पहला कार्यक्रम का आयोजन हिंदू गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को टेबल टेनिस रैकेट, टेबल टेनिस बॉल तथा टेबल टेनिस नेट भेंट किए गए। वहीं दूसरा कार्यक्रम आर्य कन्या स्कूल में आयोजित किया गया। जहां छात्राओं को टेबल टेनिस रैकेट एवं नोटबुक्स वितरित की गईं। इस प्रोजेक्ट की चेयरपर्सन ऐन दिव्या मित्तल एवं रोटेरियन राहुल मित्तल रहे। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन अभिषेक दत्ता ने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा के साथ-साथ बच्चों में खेल और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। ऐसे प्रोजेक्ट विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कोषाध्यक्ष रोटेरियन सुमीत गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों तक आवश्यक संसाधन पहुंचाना रोटरी का उद्देश्य है। क्लब भविष्य में भी समाजहित के ऐसे प्रोजेक्ट निरंतर आयोजित करता रहेगा। इस प्रोजेक्ट की चेयरपर्सन मीनू तलूजा एवं रोटेरियन अमन तलूजा रहे।



### रादौर थाना प्रभारी का किया सम्मान

रादौर। रादौर में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए जाने, नशे पर लगाम कसने व असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने को लेकर वीरवार को अंतराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब व शहर के गणमान्य लोगों ने थाना रादौर प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश राणा को सम्मानित किया। रोटरी क्लब के प्रधान भारत माटिया, पूर्व प्रधान डॉ.एससी सैनी व सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया ने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश राणा को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शहर के मेन बाजार में सर्राफा कारोबारी के साथ हुई लूट के मामले को थाना प्रभारी व उनकी टीम ने कुछ ही दिनों में ट्रेस कर सराहनीय कार्य किया है। लुटेरों को सलाखों के पीछे पहुंचाकर रादौर पुलिस ने बहादुरी का कार्य किया है। वहीं शहर में नशे का धंधा करने वाले लोगों पर थाना प्रभारी ने कड़ी कार्रवाई कर उनके नेटवर्क को तोड़ने का काम किया है। जिससे नशा बिकने पर अंकुश लगा है। स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी राजेश राणा से स्कूलों व कॉलेजों के आसपास, शहर के पार्कों में आवारागर्दी करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि रादौर पुलिस अपराधियों व असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि सुदेश सैनी, पार्षद प्रतिनिधि मोनू सिंह, सुनील माटिया, आयुष गुप्ता, अमित गुप्ता, रोहित अरोड़ा, राजु परूथी, निर्मल बैंडी, ब्रह्मप्रकाश टंडन, मोहित गर्ग, देवीदयाल अरोड़ा, मोहनलाल अरोड़ा, धर्म सिंह पिंकी आदि मौजूद थे।

### छोटाबांस में 27 जुलाई से लगेगा कांवड़ शिविर

रादौर। रादौर के छोटाबांस में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 27 जुलाई से 11 अगस्त तक कावड़ शिविर का आयोजन किया जाएगा। कावड़ शिविर में कावडियPों के लिए रहने व खाने पीने की व्यवस्था की जाएगी।

जानकारी देते हुए पार्षद प्रतिनिधि संदीप कुमार छोटाबांस ने बताया कि कावड़ शिविर में आने वाले कावडियों के लिए दवाईयों, भोजन, नहाने व ठहरने की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने बताया कि छोटाबांस के लोगों की ओर से लंबे समय से सावन माह में कावडियों के लिए शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें सभी अपना सहयोग करते है। सावन माह भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दौरान कावड़यि शिव कावड़ के माध्यम से भगवान शिव को प्रसन्न करने का प्रयास करते है।

## मोदी ने जींद से कुरुक्षेत्र रेलवे एलिवेटेड ट्रैक का लोकार्पण व सिख संग्रहालय का किया शिलान्यास

# कुरुक्षेत्र को मिली 617 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं की सौगातः नवीन जिंदल


कुरुक्षेत्र। जश्न मनाते हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा।

**हाइड्रोजन ट्रेन सहित नौ परियोजनाएं हरियाणा को समर्पित**

*सांसद नवीन जिंदल, उपाध्यक्षा सुमन सैनी व पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को दी घर की चाबी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र को लगभग 617 करोड़ रुपए की 2 बड़ी परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी है। इन परियोजनाओं में लगभग 447 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित कुरुक्षेत्र रेलवे एलिवेटेड ट्रैक और लगभग 170 करोड़ रुपए की लागत से गांव उमरी में सेक्टर 33 में बनने वाले प्रदेश के पहले सिख संग्रहालय का शिलान्यास शामिल है, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा प्रदेश को 14 हजार 721 करोड़ की 9 परियोजनाओं की बहुत बड़ी सौगात दी है। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जहां जींद से ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा की जनता को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात देने और कुरुक्षेत्र की 2 बड़ी परियोजनाओं के साथ साथ 9 प्रोजेक्ट समर्पित करने पर आभार व्यक्त किया। वहीं कुरुक्षेत्र की धरा पर सांसद नवीन जिंदल, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा और हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा इन ऐतिहासिक एवं यादगार क्षणों के साक्षी बने। जिला प्रशासन, एचआरआईडीसी और हरियाणा पुरातत्व विभाग के तत्वाधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में 2 बड़ी परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग ई-रिक्शा,सीएनजी वाहनों, साइकिल और पैदल पहुंचे।


कुरुक्षेत्र। उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते सांसद नवीन जिंदल।


कुरुक्षेत्र। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियोंको घर की चाबी देते सांसद व अन्य।

### भविष्य की तरफ भारत ने लगाई छलांगः सुमन सैनी

हाइड्रोजन ट्रेन विकसित भारत 2047, आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण अनुकूल भविष्य की तरफ भारत ने लगाई एक निर्णायक छलांग:सुमन सैनी हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन एक नई ट्रेन का आगाज ही नहीं है बल्कि विकसित भारत 2047, आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण अनुकूल भविष्य की दिशा में भारत की एक निर्णायक छलांग है। जब पूरी दुनिया स्वच्छ ऊर्जा के समाधान खोज रही है तब भारत समाधान प्रस्तुत कर रहा है। यह हाइड्रोजन ट्रेन इस बात का प्रमाण है कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं है, बल्कि तकनीक का निमार्ता और विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र बन चुका है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हरियाणा प्रदेश को लगभग 15 हजार करोड़ रुपए की 9 बड़ी परियोजनाओं की सौगात देने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को सिख संग्रहालय और कुरुक्षेत्र रेलवे एलिवेटेड ट्रैक की 2 महत्वपूर्ण सौगात देकर एक नई मिसाल कायम की है।

### नागरिकों के सपनों को किया साकारः सुभाष सुधा

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल का कुरुक्षेत्र के लाखों नागरिकों की तरफ से रेलवे एलिवेटेड ट्रैक और सिख संग्रहालय की सौगात देने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुरुक्षेत्र के विकास के एक नए अध्याय को शुरू किया है। इस पावन धरा पर सिख इतिहास और दसों गुरुओं की बाणी को आने वाली पीढियों तक पहुंचाने के लिए सिख संग्रहालय जैसी एक अनोखी सौगात दी है। यह सिख संग्रहालय प्रदेश का ही नहीं देश का पहला ऐसा सिख संग्रहालय होगा जो आधुनिक तकनीकी के माध्यम से तैयार किया जाएगा। इस पावन धरा कुरुक्षेत्र पर सिख गुरुओं के पावन चरण पड़े, यह सिख संग्रहालय निश्चित ही देश, दुनिया के लिए एक अनोखी सौगात साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे एलिवेटेड ट्रैक का लोकार्पण करके उनके तथा कुरुक्षेत्र के लाखों नागरिकों के ड्रीम प्रोजैक्ट को पूरा करने का काम किया है।

### आवास योजना की सौगात

कार्यक्रम में सांसद नवीन जिंदल, उपाध्यक्षा सुमन सैनी और पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों बलविन्द्र कौर निवासी खानपुर जाटान और बाला देवी निवासी ध्यांगला को घर की चाबी सौंपी है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सिख संगत को सिख संग्रहालय की सौगात देकर एक अनोखा कार्य किया है। ओएसडी डा. प्रभलीन सिंह ने कुरुक्षेत्र को 2 बड़ी परियोजनाओं की सौगात देने पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिख संग्रहालय के बनने से विद्यार्थियों को शोध करने का एक अवसर मिलेगा। एचआरआईडीसी के एमडी सुखविन्द्र सिंह ने मेहमानों का स्वागत करते हुए एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के प्रोजैक्ट पर विस्तृत प्रकाश डाला। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सांसद नवीन जिंदल, उपाध्यक्षा सुमन सैनी,एसडीएम अमन कुमार ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा और डा. प्रभलीन सिंह ने प्रदेशाध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## एलिवेटेड रेलवे ट्रैक पर सुभाष सुधा ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जश्न

- उद्घाटन के साथ कुरुक्षेत्र में जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि ड्रीम प्रोजैक्ट कुरुक्षेत्र रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के पूरा होने से लाखों लोगों को फायदा होगा। इस ड्रीम प्रोजैक्ट के निर्माण से लाखों लोगों में उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। इस प्रोजैक्ट को पूरा करने में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस जश्न को मनाने के लिए कार्यकतार्ओं में पूरा उत्साह और जोश देखने को मिला है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शुक्रवार को थानेसर के रेलवे स्टेशन पर कार्यकतार्ओं के साथ अपने मन की बात को सांझा कर रहे थे। इससे पहले हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरमैन धुमन सिंह किरमच, चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, चेयरमैन गुरनाम सिंह सैनी, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, चेयरपर्सन माफी ढांडा, चेयरमैन रविन्द्र सांगवान, चेयरपर्सन साक्षी खुराना, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा, पूर्व नपा अध्यक्षा उमा सुधा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा ने कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का अवलोकन किया और आम नागरिकों के साथ जश्न मनाया। रेलवे स्टेशन का उद्घाटन होते ही हरियाणा कला परिषद की तरफ से बीन बांसुरी के कलाकारों और ढोल नगाडे की गूंज पूरे कुरुक्षेत्र में सुनी गई। इन धुनों पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मेहमानों के साथ डांस कर अपने मन की भावनाओं का इजहार किया। सभी ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा को उनके ड्रीम प्रोजैक्ट कुरुक्षेत्र रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के पूरा होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

---

**खबर संक्षेप**

### भारत में होती है प्रकृति की पूजा

**थानेसर।** संसार का भारत एक ऐसा देश है जहां प्रकृति को पूजा जाता है, पेड़ों को देवता माना गया है, नदियों को माँ और धरती को जीवनदाता माना गया है। लेकिन आज, तेजी से होती शहरीकरण, औद्योगिकीकरण और बढ़ती आबादी के कारण पेड़ों की संख्या लगातार घट रही है। यह सिर्फ पर्यावरण का संकट नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान भी प्रभावित हो रही है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित प्रकृति संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए।

### एनआईटी में राजभाषा पर एक दिवसीय कार्यशाला

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र में हिंदी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से अधिकारियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों के लिए राजभाषा हिंदी के व्यावहारिक प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कार्यालयीन एवं प्रशासनिक कार्यों में हिंदी के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना और प्रतिभागियों को राजभाषा संबंधी नियमों से अवगत कराना था। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्रालय के राजभाषा विभाग के उप निदेशक अजय कुमार झा ने कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रभावी प्रयोग प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और जनसंपर्क को मजबूत बनाता है।

## 560 छात्रों ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार, आईपीएस के दिशा-निर्देशों तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त फरीदाबाद एवं ब्यूरो के पुलिस उप-महानिरीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा, आईपीएस के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, तितरम (कैथल) में नशे के विरुद्ध व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य निरंजन सिंह ने की। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को कमजोर करता है। यदि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहेगी तो देश का भविष्य सुरक्षित और समृद्ध होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने मित्रों, परिवार तथा आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।


कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाते डॉ. अशोक कुमार वर्मा।

### प्लास्टिक के खिलाफ जेसीआई का अभियान शुरू

**कुरुक्षेत्र।** जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत एन आचार्य ने कुरुक्षेत्र पहुंचकर प्लास्टिक के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। जेसीआई चौक पर आयोजित कार्यक्रम में रिक्शा, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को स्टील की पानी की बोतलें वितरित की गईं। इससे पहले पिपली रोड स्थित होटल डिवाइन क्लार्क इन में जेसीआई कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष एडवोकेट आशीष मल्होत्रा के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया गया। बैठक में उन्होंने संस्था की सामाजिक गतिविधियों की समीक्षा की और जनहित कार्यों की सराहना की। भारत एन आचार्य ने कहा कि प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है।

## टैलेंट हंट प्रतियोगिताएं बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती हैंः पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र में कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने चित्रकला, गायन और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है और विद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और निखारने के लिए उचित मंच उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 32वां मां दुर्गा के कीर्तन पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ.सुरेश मिश्रा के निर्देशन में श्रद्धालु भक्तों ने माँ दुर्गा का श्रद्धा और भक्ति भावना से पूजन व संकीर्तन किया। श्री दुर्गा देवी मंदिर के पुजारी पंडित राहुल मिश्रा ने समाज सेवी भगत सुशील तलवाड़, धर्मपत्नी संगीता तलवाड़ ने अपने परिवार सहित वैदिक मन्त्रों से श्री गणेश पूजन, नवग्रह पूजन सहित माँ दुर्गा का विधिपूर्वक पूजन अर्चना की और संकीर्तन के बाद विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। भगत सुशील पिछले 32 वर्षों से विशाल कीर्तन और भण्डारा करवा रहे है क्योंकि 17 जुलाई 1994 को माँ भगवती दुर्गा की विशेष कृपा और आशीर्वाद मिला था। डॉ.सुरेश मिश्रा ने भक्तों को बताया कि आज शुक्रवार, आषाढ़ मॉस की तृतीया को माँ दुर्गा का नाम का संकीर्तन करने से सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है क भगवान के नाम का सुमिरन और ध्यान प्रतिदिन करने से प्रभु कृपा मिलती है । मां दुर्गा मंडली की सुमित्रा पाहवा, शिमला देवी,निशा अरोड़ा,आशा कवात्रा,ऊषा शर्मा, कोमल मेहरा, सुरेन्द्र कौर, पूजा कुकरेजा व सुमित्रा पाहवा , कमल कक्कड़ एवं मंडली, राज रानी और मंडली व भक्त सुशील तलवाड़ ने माँ दुर्गा की सुंदर -सुंदर भेटें गाई। कीर्तन और आरती के बाद में भक्तों ने माँ दुर्गा को भोग लगाया क डॉ. सुरेश मिश्रा को मुख्य यजमान भगत सुशील तलवाड़, संगीता तलवाड़ और परिवार को माँ दुर्गा की चुनरी से सम्मानित किया।

## सांसद नवीन जिन्दल ने स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

*सांसद नवीन जिन्दल ने स्वच्छ ईंधन बस में यात्रा कर एलिवेटेड ट्रैक व थानेसर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल ने शुक्रवार को इलेक्ट्रिक बस में यात्रा कर थानेसर रेलवे स्टेशन और कार्यक्रम स्थल श्रीमद्भगवद्गीता सदन पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छ ईंधन के अधिकाधिक उपयोग का संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सांसद नवीन जिन्दल ने एलिवेटेड ट्रैक एवं नवनिर्मित थानेसर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह एलिवेटेड ट्रैक कुरुक्षेत्र के विकास में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे शहर दो हिस्सों में बंटने की समस्या दूर होगी, वर्षों से लोगों को परेशानी का कारण बने पांच रेलवे फाटक समाप्त होंगे और यातायात अधिक सुगम, सुरक्षित तथा तेज होगा। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से विभिन्न सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा स्टेशन के संचालन और यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।निरीक्षण के दौरान सांसद नवीन जिन्दल ने स्टेशन को और अधिक आधुनिक, सुविधाजनक एवं आदर्श रेलवे स्टेशन बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यात्रियों की सुविधा, स्वच्छता, सुगम आवागमन, दिव्यांगजन-अनुकूल व्यवस्थाएं, बेहतर सूचना प्रणाली तथा सौंदर्यीकरण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस दौरान सांसद नवीन जिन्दल ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों से भी आत्मीय संवाद किया। उन्होंने यात्रियों से स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा स्टेशन को स्वच्छ रखने का भी आग्रह किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद सांसद नवीन जिन्दल एक बार फिर आधुनिक थानेसर रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां से उन्होंने जिन्दल हाउस, मोहन नगर तक की यात्रा ई-रिक्शा से की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ एवं हरित परिवहन को बढ़ावा देते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और नागरिकों से प्रदूषण कम करने के लिए अधिकाधिक स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन साधनों को अपनाने की अपील की।



कुरुक्षेत्र। थानेसर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते सांसद नवीन जिंदल।

## गुरुकुल के छात्रों ने नीट में पाई सफलता ऋषभ को 408वीं व सत्यम को 536वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्रों ने एक बार फिर अपनी विलक्षण मेधा और अद्वितीय प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा ह्यनीटह्व में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। परीक्षा परिणामों की घोषणा के बाद से ही पूरे गुरुकुल परिसर में भारी उत्साह और जश्न का माहौल है। छात्रों की इस शानदार सफलता पर गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत जी ने प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप कॉम्पिटेटिव विंग रामकुमार सर सहित सभी छात्रों को विशेष बधाई दी है। संस्थान के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने परिणामों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गुरुकुल के छात्र ऋषभ ने नीट की बेहद जटिल परीक्षा में 408 (कैटेगरी रैंक) हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। वहीं सत्यम ने 536 (कैटेगरी रैंक), रितेश ने 550 (कैटेगरी रैंक), वंश राजेश ने 1140 (कैटेगरी रैंक) और आरव गोयत ने 1457 (कैटेगरी रैंक) प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को साबित किया है।


ऋषभ।


सत्यम।

**इंस्टीट्यूट में केक काटकर मनाया जश्न, ढोल की थाप पर थिरके विद्यार्थी**

## पनव बने सिटी टॉपर, नीट में एआईआर 447 हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के कक्षा कार्यक्रम के छात्र पनव अग्रवाल ने नीट यूजी-2026 में ऑल इंडिया रैंक 447 प्राप्त कर कुरुक्षेत्र सिटी टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने 720 में से 672 अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि अपने नाम की। यह दावा आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के अधिकारियों ने किया है। नीट यूजी-2026 के घोषित परिणामों में पनव अग्रवाल के साथ आकाश कुरुक्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनमें अर्णव धवन ने एआईआर 484 के साथ 671 अंक, रियान गुप्ता ने एआईआर 510 के साथ 670 अंक तथा लीना मक्कर ने अकफ 775 के साथ 663 अंक प्राप्त किए। अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए पनव अग्रवाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र सिटी टॉपर बनना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के विश्वास और आकाश के शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित मॉक टेस्ट, विस्तृत प्रदर्शन विश्लेषण, डाउट सेशन और अनुशासित पढ़ाई ने उनकी तैयारी को मजबूत बनाया। इस अवसर पर एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर विकास फुतेला ने पनव अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर सीखने की लगन ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे आकाश कुरुक्षेत्र परिवार के लिए गर्व का विषय है तथा उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। संस्थान के अनुसार, इस वर्ष नीट यूजी-2026 में आकाश के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन किया है। टॉप-10 में 4, टॉप-50 में 17 और टॉप-100 में 41 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है। संस्थान ने इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अनुभवी फैकल्टी, आधुनिक अध्ययन सामग्री, नियमित मूल्यांकन और व्यक्तिगत मार्गदर्शन का परिणाम बताया। प्रेस वार्ता में आकाश कुरुक्षेत्र की अकादमिक हेड पूजा वर्मा, ब्रांच हेड मोहित कामरा, असिस्टेंट डायरेक्टर रणजीत चौहान, सीनियर असिस्टेंट डायरेक्टर शेखर शुक्ला, अशोक कुमार भारद्वाज तथा संस्थान के अन्य अधिकारी एवं शिक्षक सहित विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे। ब्रांच में विद्यार्थियों ने केक काटकर जश्न मनाया और ढोल की थाप पर नाचकर खुशी का इजहार किया।


कुरुक्षेत्र। खुशी का इजहार करते विद्यार्थी।

### बेटे की सफलता से पूरा परिवार गौरवान्वित


पनव

पनव अग्रवाल के पिता अग्रवाल अस्पताल के संचालक डॉ. अजय अग्रवाल ने कहा कि बेटे की सफलता से पूरा परिवार गौरवान्वित है। पनव ने शुरू से ही पढ़ाई के प्रति अनुशासित व समर्पित दृष्टिकोण अपनाया। इस उपलब्धि का श्रेय बेटे की कड़ी मेहनत, परिवार के सहयोग तथा आकाश इंस्टीट्यूट के शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन को दिया। नियमित अध्ययन, सही दिशा व प्रयास से कोई भी छात्र लक्ष्य पा सकता है।

खबर संक्षेप

## अब तेजी से होगा प्रदेश का विकास

**नारायणगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के भाई एवं नंबरदार सुरेश पाल ने जींद में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-विकसित हरियाणा कार्यक्रम में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लगभग 15 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

## कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50% अनुदान दिया जा रहा

**अंबाला।** सरकार की ओर से किसानों को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आरकेवीवाई योजना के घटक फसल अवशेष प्रबंधन 2026-2027 के तहत व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत विभिन्न कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस स्कीम के तहत विभागीय पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि को 3 अगस्त तक बढ़ा दिया है । व्यक्तिगत श्रेणी के किसान का चयन एक पीपीपी में से केवल एक ही किसान का किया जाएगा।

## धमकी और मारपीट के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** जान से मारने की धमकी देने वे मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने अंशु निवासी गांव रतनपुर यूपी को काबू किया है। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना अंबाला शहर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर किया है। उप निरीक्षक गुरुराम ने बताया कि 16 जुलाई को पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, पुरानी घास मंडी के पास आरोपी अंशु व उसके अन्य साथियों ने महिला के बेटे शिवम के साथ मारपीट की और उस पर चाकू से वार करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी।

## लाखों का सामान चोरी करने वाला आरोपी काबू

**अंबाला।** गोदाम से लाखों का माल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने काबू किया है। आरोपी की पहचान रॉकी निवासी गांव नन्हेड़ा के रुप में हुई है। पुलिस ने माल की बरामदगी के लिए आरोपी को तीन दिन रिमांड पर लिया है। आरोपी ने गांव लंडा स्थित एक गोदाम से लाखों का सामान चोरी किया था। सहायक उप निरीक्षक नवीन कुमार ने बताया कि गोदाम मालिक सुरेश ने 11 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से दी सौगात, क्षेत्र के विकास और व्यापार को मिलेगी नई रफ्तार

# 1200 करोड़ की लागत से तैयार अंबाला कालाअंब नेशनल हाइवे का लोकार्पण

मार्ग औद्योगिक, व्यापारिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जींद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर जनता को नई सौगात दी। इसी अवसर पर उन्होंने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की अनेक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया। इनमें अंबाला-कालाअंब राष्ट्रीय राजमार्ग भी प्रमुख रूप से शामिल रहा। इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। लगभग 1200 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस राष्ट्रीय राजमार्ग के शुरू होने से हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच सड़क संपर्क पहले से अधिक मजबूत होगा। यह मार्ग औद्योगिक, व्यापारिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके माध्यम से माल परिवहन का समय कम होगा, लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी, ईंधन की बचत होगी तथा उद्योगों और व्यापार को नई गति मिलेगी। साथ ही आम नागरिकों को सुरक्षित, सुगम एवं तेज आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। बता दें कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग विशेष रूप से नारायणगढ़, शहजादपुर, कालाअंब तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विकास का नया द्वार खोलेगा। यातायात के बढ़ते दबाव और जाम की समस्या से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्र के किसानों को अपनी फसलें मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी जबकि उद्योगों और व्यापारियों को माल की ढुलाई में समय और खर्च दोनों की बचत होगी। इसके साथ ही धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों तक पहुंच पहले से अधिक सुगम और सुरक्षित हो जाएगी। नारायणगढ़ क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) स्थापित किए जाने की दिशा में भूमि खरीद की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। ऐसे में अंबाला-कालाअंब राष्ट्रीय राजमार्ग इस प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के लिए एक मजबूत आधारभूत संरचना उपलब्ध कराएगा। बेहतर सडक़ संपर्क के कारण उद्योगों को परिवहन की सुविधा मिलेगी, निवेशकों का रुझान बढ़ेगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।



अंबाला। कालाअंब नेशनल हाइवे का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### आने वाली पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी



गांव बरसु माजरा के सरपंच लछमन सिंह ने कहा कि अंबाला-कालाअंब राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए विकास की नई राह खोलेगा। इससे किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना आने वाली पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी।

### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का जताया आभार



सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक विनोद वर्मा ने अंबाला-कालाअंब राष्ट्रीय राजमार्ग के लोकार्पण को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक सडक़ नहीं, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक, औद्योगिक, सामाजिक और पर्यटन विकास की नई आधारशिला साबित होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में यह राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र के समग्र विकास का प्रमुख माध्यम बनेगा।

## हाइड्रोजन ट्रेन देश के लिए बड़ी उपलब्धि हरियाणा का नाम इतिहास में लिखा गया

- पीएम मोदी की ओर से प्रदेश को मिली 14 हजार करोड़ की सौगातों पर मंत्री अनिल विज ने जताई खुशी

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पूरे प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा आगमन पर अपने अंदाज में अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि ''इस बरस सावन में अजब बात हुई, पहले गिरती थी बूंदें, इस बरस नोटों की बरसात हुई, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में आए हैं। 14 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की सौगातें लाएं हैं''। कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जींद से सोनीपत के बीच चलाई गई हाइड्रोजन ट्रेन देश के लिए बहुत ही बडी उपलब्धि है। विज ने प्रधानमंत्री के कर-कमलों द्वारा जींद में में किए लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में वर्चुअल मोड के माध्यम से भाग लिया। जींद से सोनीपत के बीच आज चलाई गई हाइड्रोजन ट्रेन को सबसे बड़ी बात की संज्ञा देते कहा कि प्रदेश का नाम इतिहास में लिखा गया है, क्योंकि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जींद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की है। कहा कि यह बहुत ही बड़ी बात है, क्योंकि कोयला, तेल व गैस जैसे संसाधन सीमित है और समाप्त होते जा रहे हैं। विज ने वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों पर बल देते कहा कि अब हमें वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों पर जोर देना जरूरी है। बताया कि हाइड्रोजन हमारे वायुमण्डल बहुत बडी मात्रा में उपलब्ध है परंतु यह भी ठीक है कि हाइड्रोजन अकेले नहीं मिलती, यह ऑक्सीजन के साथ मिलकर एचटूओ पानी बनकर मिलती है या कार्बन मोनोऑक्साइड के साथ मिलकर मिथेने के रूप में मिलती है।



अंबाला। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में मौजूद मंत्री अनिल विज।

### सोलर लगवाने के लिए योजना पर कार्य किया जा रहा

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इसी प्रकार से देश सौर ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश में भी सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नई योजनाओं को आरंभ किया जाएगा। इनमें प्रदेश सरकार के कर्मचारियों के लिए सोलर लगवाने हेतू योजना पर कार्य किया जा रहा है जिसके तहत पीएम सूर्य घर योजना के तहत लोगों के घरों में एक प्रकार से मुफ्त में लगा दें। यदि कोई किसी प्रकार की राशि की कटौती की जानी होगी तो अमुक उपभोक्ताओं के बिजली बिल से वसूल कर ली जाएगी। इस तरह से कर्मचारियों को भी मुफ्त में सोलर सिस्टम लगाकर दिया जाएगा।

### रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे



गांव पतरेहड़ी के पूर्व सरपंच प्रमोद राणा ने कहा कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग के बनने से सडक़ दुर्घटनाओं में कमी आएगी, यात्रा अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनेगी तथा क्षेत्र का समग्र विकास तेज होगा। उन्होंने कहा कि बेहतर सडक़ नेटवर्क से निवेश बढ़ेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे।

### शहरों से बेहतर संपर्क स्थापित होगा



गांव सादिकपुर की सरपंच सुनीता रानी ने कहा कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बेहतर सडक़ संपर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होगी। महिलाओं, विद्यार्थियों तथा ग्रामीण परिवारों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और गांवों का शहरों से बेहतर संपर्क स्थापित होगा।

### उद्यमियों को भी बड़ा लाभ मिलेगा



शहजादपुर के मनीष बंसल ने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय व्यापार, उद्योग और पर्यटन को नई ऊर्जा मिलेगी। अंबाला और हिमाचल प्रदेश के बीच व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और नए निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि इससे छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

### क्षेत्र की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी



कालाअंब के दीपक कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग उद्योगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। परिवहन समय कम होने और लॉजिस्टिक लागत घटने से औद्योगिक इकाइयों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। इससे नए उद्योग स्थापित होने की संभावनाएं मजबूत होंगी तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास से पूरे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी।

## राज्यपाल को प्रशासन की ओर से दिया गार्ड ऑफ ऑनर



**अंबाला।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष शुक्रवार को पुलिस ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट पहुंचे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी मित्रा घोष भी उनके साथ मौजूद रहीं। राज्यपाल के आगमन पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिला प्रशासन की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके उपरांत पुलिस टुकड़ी द्वारा राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। राज्यपाल ने उपायुक्त से जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए विकास परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति की भी जानकारी ली। मौके पर एसपी अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम दर्शन कुमार, भाजपा अध्यक्ष मनदीप राणा भी उपस्थित रहे।

## लगातार दूसरे दिन भी नहीं चली एसी बसें, यात्री रहे परेशान

> पीएम मोदी के कार्यक्रम की वजह से करनाल भेजी गई थी 24 बसें, सभी रूट बुरी तरह से प्रभावित रहे

**अंबाला।** जींद में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की वजह से 24 इलेक्ट्रिक बसों का शुक्रवार को भी संचालन नहीं हो पाया। इन बसों को वीरवार को सुबह करनाल रवाना कर दिया गया। इन बसों का इस्तेमाल पीएम मोदी के कार्यक्रम के लिए किया। ज्यादातर बसें करनाल रवाना की गई थी। एक साथ बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक बसों के करनाल भेजे जाने से अंबाला से संचालित कई प्रमुख रूटों पर बस सेवा प्रभावित रही। इसका सबसे अधिक असर बद्दी, कालका, चंडीगढ़, यमुनानगर और बराड़ा रूट के यात्रियों पर पड़ा। इलेक्ट्रिक बसों का इंतजार कर रहे यात्रियों को लंबे समय तक बस अड्डे पर इंतजार करना पड़ा। ज्यादातर लोगों को साधारण बसों से सफर करना पड़ा।शुक्रवार सुबह से ही अंबाला छावनी बस अड्डे पर बद्दी और कालका जाने वाले यात्रियों की भीड़ लगी रही। भीषण गर्मी के बीच लोग वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों का इंतजार करते रहे लेकिन बसें उपलब्ध नहीं होने से उन्हें निराशा हाथ लगी। काफी देर इंतजार करने के बाद यात्रियों ने मजबूरी में साधारण बसों का सहारा लिया। यह स्थिति सुबह से लेकर शाम तक बनी रही। कई लोगों ने इस पर नाराजगी भी जताई। एक फैक्टरी में कार्यरत रमेश कुमार ने बताया कि वह इलेक्ट्रिक बस का इंतजार कर रहे थे लेकिन काफी देर तक बस नहीं पहुंची। पूछताछ केंद्र पर भी बसों के आने का स्पष्ट समय नहीं बताया गया। कालका जाने वाली सरोज देवी ने बताया कि उन्होंने गर्मी से राहत के लिए इलेक्ट्रिक बस से यात्रा करने की योजना बनाई थी।



## नीट यूजी 2026: आकाश एजुकेशनल के चार छात्र ऑल इंडिया टॉप 10 में

- ऑल इंडिया रैंक 8 हासिल कर आकाश एजुकेशनल छात्र गीतांश बने चंडीगढ़ रीजन में टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

नीट यूजी 2026 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 8 हासिल कर आकाश एजुकेशनल, चंडीगढ़ के छात्र गीतांश चंडीगढ़ रीजन में टॉपर बने है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि, मेडिकल प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के माध्यम से छात्रों के भविष्य को संवारने की दिशा में आकाश एजुकेशनल की प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित करती है।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित नीट यूजी 2026के परिणामों में चंडीगढ़ रीजन से गीतांश ने 720 में से 705 अंक प्राप्त किये । वहीं, कृष गुप्ता ने 705 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 15, रिशित सिंगला ने 690 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 100, आदिल चाहल ने 685 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 175, स्पर्श गर्ग ने 685 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 184, शिव जिंदल ने 685 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 196, कार्तिक सलारिया ने 684 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 216, अजय प्रताप सिंह ने 680 अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक 303 हासिल की। 8 अन्य छात्र भी । 1000 के अंदर शामिल हुए।आकाश के 4 छात्रों ने ऑल इंडिया टॉप 10, 18 छात्रों ने टॉप 50 तथा 41 छात्रों ने टॉप 100 में स्थान बनाया है। यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी फैकल्टी, वैज्ञानिक शिक्षण पद्धति, व्यापक अध्ययन सामग्री, नियमित टेस्ट और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की मजबूत व्यवस्था को दर्शाती है।जसदीप सिंह बाबरा क्षेत्रीय निदेशक, आकाश एजुकेशनल ने कहा, यह सफलता छात्र की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प तथा अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग का परिणाम है।



शहजादपुर। पूर्णिमा को मिठाई खिलाते स्कूल प्राचार्य व अन्य।

## नीट की परीक्षा में पूर्णिमा ने 599 अंक हासिल कर 10273वां स्थान प्राप्त किया

**शहजादपुर।** मां भगवती निकेतन की छात्रा पूर्णिमा ने नीट की परीक्षा में 599 अंक हासिल कर ऑल इंडिया 10273 वां रैंक हासिल किया है। विद्यालय के प्राचार्य नरेश गुप्ता और स्टाफ ने इस शानदार उपलब्धि मिठाई खिलाकर पूर्णिमा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। पूर्णिमा के लगन और मेहनत की प्रशंसा की और परिवार को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। बता दें कि पूर्णिमा के पिता राजीव शर्मा कॉमर्स क लेक्चर्रर हैं जबकि मां सूची शर्मा हाउस वाइफ हैं। पिता राजीव शर्मा ने बताया कि उनकी बेटी पढ़ाई में शुरू से होशियार है। उसकी गिनती कक्षा के अच्छे बच्चों में होती है। उन्होंने बताया कि पूर्णिमा ने खुद डॉक्टर बनने का सपना संजोया है। नीट के पेपर में शानदार प्रदर्शन करने पर अब उसका सपना पूरा होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि बेटी की उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।

## छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने पर मंथन

**अंबाला।** गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. देस राज बाजवा के नेतृत्व में मेधा फाउंडेशन तथा उच्चतर शिक्षा विभाग के सहयोग से प्रदेश का पहला उद्योग–शिक्षा गोलमेज सम्मेलन आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों और उद्योग जगत के बीच सहयोग को सुदृढ़ बनाना तथा विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाना था। सम्मेलन में उच्चतर शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक दीपक संधू, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी, डॉ. रेनू ऋषि, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी, यमुनानगर डॉ. सुमन भाटिया तथा गवर्नमेंट कॉलेज चम्मूकलां के प्राचार्य अजय चौहान सहित अंबाला, पंचकूला एवं यमुनानगर जिलों के 15 महाविद्यालयों के इंटर्नशिप समन्वयकों, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारियों व शिक्षकों के साथ साथ तीनों जिलों के उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में कार्य-आधारित शिक्षण, इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप, पाठ्यक्रम सुधार तथा उद्योग–शिक्षा साझेदारी को मजबूत बनाने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। साथ ही विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सॉफ्ट स्किल्स, करियर मार्गदर्शन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण को शिक्षा प्रणाली का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया गया। सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान के साथ लेटर ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर रहा।



अंबाला। सम्मेलन में मौजूद शिक्षक व छात्र। फोटो : हरिभूमि

## बुड़ियों ग्राम पंचायत में वित्तीय अनियमितताओं की जांच लंबित

- उपमंडल अधिकारी ने खंड विकास कार्यालय को जल्द जांच पूरी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

खंड की ग्राम पंचायत बुड़ियों के सरपंच जगतार सिंह के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत की जांच रिपोर्ट को लेकर अब उपमंडल अधिकारी ने कड़ा रूख अपनाया है। उन्होंने खंड विकास कार्यालय के एसडीओ को शीघ्र जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि जांच अधिकारी नवराज सिंह का कहना है कि सरपंच द्वारा रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। बता दें कि सरपंच जगतार सिंह को गांव के राजेंद्र कुमार की शिकायत के आधार पर रिकॉर्ड सहित कार्यालय में हाजिर होने के आदेश जारी किए थे। लेकिन किसी कारणवश इस आदेश पर अमल नहीं हुआ तो शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत उपायुक्त को भेजी थी।प्रशासन ने अब दोबारा आदेश दिए हैं कि प्राथमिकता के आधार पर सरपंच द्वारा एक सप्ताह में रिकॉर्ड जमा करवाया जाए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



शिकायतकर्ता राजेंद्र कुमार।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई की समीक्षा बैठक में सीईओ ने दिए कड़े निर्देश

# राजकीय विद्यालयों का नियमित मुआयना करें अधिकारी

स्थानांतरित विद्यार्थियों का रिकॉर्ड तत्काल अपडेट करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की सह-अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, निपुण मिशन, विद्यालय निरीक्षण, डिजिटल कार्यप्रणाली तथा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विजेंद्र रेढू ने सभी एजेंडा बिंदुओं पर विस्तृत प्रस्तुति देते हुए जिले की प्रगति, चुनौतियों तथा आगामी कार्ययोजना से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि टीएलपीएस-2025 के निष्कर्षों के आधार पर विद्यालयों में एचआईटीएस को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों द्वारा नियमित कक्षा अवलोकन तथा गुणवत्ता आधारित मेंटरिंग की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में निरंतर सुधार सुनिश्चित हो सके। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने निपुण मिशन को जिले की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चा बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता प्राप्त करे, इसके लिए सभी अधिकारी और शिक्षक पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने लाडो लक्ष्मी योजना के अंतर्गत पात्र निपुण विद्यार्थियों के डेटा का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने तथा स्थानांतरित विद्यार्थियों का रिकॉर्ड तत्काल अपडेट करने के निर्देश दिए।



अंबाला। जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर एजेंडा बिंदुओं की जानकारी देते हुए।

### पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिले के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं। जहां आवश्यकता हो वहां विद्यालयों के बीच पुस्तकों का युक्तिकरण किया जाए ताकि किसी भी बच्चे को पुस्तक के अभाव का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी विद्यालयों के पुस्तकालयों का नियमित निरीक्षण करने तथा पुस्तक निर्गमन रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों की जांच करने के भी निर्देश दिए। बैठक में विद्यालय निरीक्षण की समीक्षा करते हुए मई माह के लंबित विजिट लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। पिछले 60 दिनों से जिन विद्यालयों का निरीक्षण नहीं हुआ है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर विजिट कर निर्धारित समय में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने की भी बात कही गई। बैठक में अभिभावकों की डिजिटल सहभागिता बढ़ाने के लिए निपुण पैरेंट्स ऐप के अधिक से अधिक पंजीकरण एवं नियमित उपयोग पर विशेष बल दिया गया।